मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



वर्ष : ०९ अंक :२१ मुंबई, शुक्रवार, ०१ मार्च से ०७ मार्च २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

## संजय बर्वे को मिली मुंबई पुलिस की कमान



### अगले पुलिस कमिश्नर; सुबोध जायसवाल को प्रमोशन देकर बनाया DGP

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई:** भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी तनाव के बीच देश की आर्थिक राजधानी में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने शहर के पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव किया है. १९८७ बैच के आपीएस अधिकारी संजय बर्वे को मुंबई पुलिस का नया कमिश्नर बनाया गया है. वह मौजूदा कमिश्नर सुबोध कुमार जायसवाल की जगह लेंगे. वहीं सुबोध कुमार जायसवाल को प्रमोशन देकर महाराष्ट्र का डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) नियुक्त किया गया है. महाराष्ट्र के गृह विभाग ने इस संबंध में अधिकारिक घोषणा कर दी है. १९८५ बैच के आईपीएस अधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल अभी मुंबई पुलिस के कमिश्नर हैं. आईपीएस अधिकारी संजय बर्वे अभी महाराष्ट्र एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के चीफ है. संजय बर्वे लंबे समय से महाराष्ट्र के पुलिस प्रशासन में कार्यरत है. वह एटीएस से लेकर मुंबई में कई बड़े पदों पर काम कर चुके है. बताया जा रहा है की इस पद के लिए और भी कई अधिकारियों का नाम रेस में था. जिसमें ठाणे के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह का नाम भी शामिल है.

### लोकसभा चुनाव २०१९: कर्नाटक सीएम कुमारस्वामी बोले-

## देवगौड़ा को पीएम बनाने को देश तैयार, राहुल गांधी की दावेदारी को किया खारिज!

**कर्ण हिंदुस्तानी**

**मुंबई :**कर्नाटक के मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने अपने पिता और जनता दल सेक्युलर सुप्रीमो एच. डी. देवगौड़ा को लेकर कहा कि वे २०१९ लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद की दौड़ में हैं. कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा था कि पूरे देश का वातावरण पिताजी के अनुकूल है और सब चाहते हैं कि वह प्रधानमंत्री बनें. कुमारस्वामी ने अपने इस बयान को लेकर गुरुवार को कहा कि अगर आप कांग्रेस और जेडीएस गठबंधन को २०-२२ सीटों का आशीर्वाद





एक बार फिर से देते हैं तो एक कन्नाडिगा उस पद (प्रधानमंत्री) पर हो सकता है. उन्होंने कहा कि इस देश में कुछ भी हो सकता है तो ऐसा क्यों नहीं हो सकता है?

उधर, कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. येदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर भारत की एयर स्ट्राइक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में लहर पैदा कर दी है. इससे बीजेपी को लोकसभा चुनाव २०१९ में कर्नाटक में २८ में २२ सीटें जीतने में मदद मिलेगी.

गौरतलब है कि २०१४ के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की कुल २८ लोकसभा सीटों में से बीजेपी १७, कांग्रेस ९ और जेडीएस २ सीटें जीतने में कामयाब रही थी. लेकिन पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद रिक्त बेल्लारी सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने इस सीट को गंवा दिया. इस तरह मौजूदा समय में बीजेपी के पास १६ और कांग्रेस के पास १० सीटें हैं.

## अवैध धंधो पर कमर कसी पालघर पुलिस ; बड़े पैमाने पर अवैध रेती सहित तंबाखू पर बड़ी कार्रवाई

### कईयो पर अपराधिक मामला दर्ज, ५२ लाख का माल जप्त, मचा अवैध माफियाओ में हड़कंप

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

पालघर ; अक्सर देखा जाता है कि किसी भी विभाग में गैर क़ानूनी चीजों पर कार्रवाई होती है तो कम होने बजाए बढ़ता ही जाता है,लेकिन पिछले कई माह से पालघर पुलिस अवैध कारोबारियो के अवैध धंधो पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर उनपर अंकुश लगाते दिखाई दे रहे है। इसके बावजूद भी चोरी छुपे अवैध माफियाओ अवैध धंध करने से पीछे हटते नहीं दिखाई दे रहे है,लेकिन जिस तरह से पालघर पुलिस डंके की चोट पर कार्रवाई कर रही है ऐसे में अवैध माफियाओ के खेमे में हड़कंप सा मचा है। या साफ शब्दों में कहे तो पसीने छूटते दिख रहे है। ज्ञात हो कि ङआदेश के बाद शुरू हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई ;ङ अगस्त २०१८ में नव नियुक्त पालघर जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने अपना पदभार ग्रहण किया था और उसी दिन से अवैध धंधो के साथ - साथ हर दिशा में अपनी पैनी नजर गड़ा दी। जिसके बाद जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों के क्षेत्रों में व्याप्त अवैध धंधो पर पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा कि जिले में अवैध धंधो पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर उनपर अपराधिक मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करो। जिसके बाद पालघर पुलिस जिले के विभिन्न स्थानों पर छापा मार कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के अबतक के कार्यकाल पर एक नजर डाली जाये तो अवैध धंधो पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई हुई है। कुछ ऐसे कार्रवाई हुई है जोकि आज भी जिले के नागरिको द्वारा पालघर पुलिस की प्रशंस करते दिखाई देते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी की विशेष दस्ते ने की कार्रवाई ;ङ जिले के एसपी गौरव सिंह द्वारा गठित विशेष दस्ते के पुलिस उपनिरीक्षक मल्हार थोरात और पुलिस कर्मी सुरेंद्र शिवदे आदि द्वारा वसई सेक्टर परिसर में प्रतिबंधक पेट्रोलिंग करते फिर रहते थे। इसी बीच विशेष दस्ते को गुप्त सूचना मिली कि गौराई पाड़ा, पांडे नागर, श्री बिल्डिंग,नालासोपारा (पूर्व ) स्थित आरोपी जयशंकर मिठाईलाल चौरसिया (४२ ) द्वारा शासन प्रतिबंध अवैध तंबाखू आदि विक्री की जा रही है। सूचना के आधार दस्ते ने छापा मार कर वहा से २,८९,८९४ रूपये का मॉल बरामद किया। इसी तरह से एसपी की विशेष दस्ते ने साईधाम चाल,संतोषभुबन,नालासोपारा (पूर्व ) स्थित छापेमारी कर आरोपी रमेश चतुरी गुप्ता (५४ ),अखिलेश चतुरी गुप्ता (३२ ) और मनोज गुप्ता द्वारा महाराष्ट्र राज्य में प्रतिबंधित तंबाखू आदि बेचने पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बैग से ९२ हजार रूपये का माल बरामद किया है,जबकि रूम में ७९,९९४ रूपये किमत का माल विक्री करने हेतु रखा हुआ था,हालाँकि विशेष दस्ते ने आगे की कार्रवाई के लिए तुलिंज पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया है। ङमनोर और सफाला पुलिस की



अवैध रेती पर बड़ी कार्रवाई ;ङ मनोर और सफाला पुलिस स्टेशन क्षेत्र के हलोली नदी,खाड़ीकिनारे अवैध रेती उत्खनन को लेकर मनोर पुलिस स्टेशन की सहायक पुलिस निरीक्षक सिध्वा जायभाये और सहा.पुलिस निरीक्षक सानप आदि पुलिस अधिकारी कर्मचारी द्वारा एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रूपये का माल जप्त किया और नष्ट भी किया गया है। बताया गया है कि कार्रवाई के दौरान आरोपित द्वारा मालिक बोट अवैध रेती परिवहन करते गुन्हा आरोपित के पास २५,३३,००० रूपये ५ बोट और एक बोट रेती भरी हुई (६ ब्रास रेती किमत - ३३,००० ) रूपये तथा प्रति बोट अंदाजा ५,०० ,००० रूपये,६,००,००० रूपये किमत कुल ४ सेक्शन पंप तथा प्रत्येक सेक्शन पंप की किमत १,५०,००० रूपये आकी गई है। कुलमिलाकर पुलिस ने ३१,३३,००० रूपये का मॉल बरामद किया है। इसी तरह बाहडोली गांव के बाजु खाड़ी स्थित पुलिस ने १०,३३,००० रूपये कुल २ बोट और एक बोट रेती से भरी हुई (६ ब्रास रेती किमत - ३३,००० रूपये ) प्रत्येक बोट की किमत ५,०० ,००० रूपये,६,००,००० रूपये की कुल ४ सेक्शन पंप प्रति सेक्शन क़ीमत १,५०,००० रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने उक्त स्थान से कुलमिलाकर १६,३३,००० रूपये का ,माल मिला। सभी जप्त मॉल को पुलिस नष्ट कर दिया है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार की टीम,मंडल अधिकारी और वनविभाग के अधिकारियो की उपस्थित थे। वही पुलिस ने उक्त मामले में आरोपियों पर धारा ३७९ और ३४ और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर किया है। उक्त पूरी कार्रवाई को लेकर पुलिस ने ५२ लाख २७ हजार ८८८ रूपये का मॉल जप्त किया है। कोड ; यह देखा गया है कि जो भी ऐसा काम कर रहे है उनको आदत सी हुई है। हम कार्रवाई कर कोर्ट में पेश करते है,अब कोर्ट जैसे - जैसे अपना फैसला सुनाएगी तब इनपर लगाम (अंकुश ) लगेगा,हालाँकि पालघर पुलिस अवैध धंधो के साथ - साथ हर दिशा में काम कर रही है,अभी हाल ही में मकोका जैसे आरोपी को धर दबोचा गया था,जोकि दो वर्षो से फरार चल रहा था। जिला पालघर पुलिस अधीक्षक ; गौरव सिंह

## तन्जानिया भेजने के नाम पर ठगी ; ऑनलाइन इन्टरव्यु के बाद मिला हवाई टिकट,फिर निराशा

### दलाल के खिलाफ युवक ने दी पुलिस स्टेशन में शिकायत पत्र

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**पालघर ;** आजकल देखा जाता है कि अक्सर बाहर गांव भेजने के नाम आमजन लोगो से एजेंट रूपये एठते दिखाई देते है,और इनके झांसे भोले भाले नागरिक इनके बहकावे में आ जाते है। तथा अपने पास रख रुपयो को उक्त जैसे धोखबाजो को देकर ठगी के शिकार हो जाते है। इसके बावजूद भी ऐसी घटनाये आये दिन घट रही है,लेकिन नागरिक धोखेबाज एजेंटों के झांसे में आकर फस जाते है,दरअसल बात यह कि तन्जानिया भेजने के नाम पर एजेंट ने सिलवासा के रहने वाले शिक्षित युवक से २४ हजार रूपये नकद ऐंठ कर उनके साथ धोखाधड़ी किया है,हालाँकि युवक ने मामले की लिखित शिकायत सिलवास पुलिस स्टेशन में दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्क सिटी में रहने वाले धर्मेंद्र प्रताप पटेल ने अपनी शिकायत में बताया है कि उसने नेट पर बायोडाटा डाला था। मई २०१८ में लुधियाना के एजेन्ट विकास कुमार का फोन आया कि आपके लिए तन्जानिया स्थित अफ़ला इमिग्रेशन सर्विस कंपनी में जॉब खाली है। धर्मेंद्र ने विश्वास पर हामी भर दी। इतना ही नहीं उसका ऑनलाइन इंटरव्यू भी लिया गया,पास होने पर धर्मेंद्र से ९५०० रूपये जमा कराया गया। फिर एजेंट ने कंपनी में भेजने के लिए १५००० रूपये टिकट का जमा कराया तथा धर्मेंद्र को १२ फरवरी २०१९ को तन्जानिया जाने के लिए हवाई टिकट भी भेजा। धर्मेंद्र ने १२ फरवरी को टिकट की जाँच की तो नेट पर टिकट कैंसिल बताने लगा। फिर धर्मेंद्र ने एजेंट विकास कुमार के फोन पर बात करना चाहा तो अभी तक वह नंबर बंद बता रहा है। धर्मेंद्र ने इस मामले में दानह पुलिस एसपी,लॉ मंत्रालय दिल्ली एवं सिलवासा पुलिस स्टेशन में शिकायत पत्र देकर न्याय की मांग की है कि पुलिस ऐसे फर्जी एजेंट के खिलाफ सख्त से सख्त क़ानूनी कार्रवाई करे ताकि भविष्य में दसूरे युवक इस प्रकार के ठगी का शिकार न हो सके ।कोड ; शिकायतकर्ता धर्मेंद्र प्रताप पटेल ने बताया कि मेरा ऐसी एजेंसियों के खिलाफ आवाज उठाने का मुख्य उद्देश्य है कि वर्तमान दौर में ऐसी फर्जी कंपनियों या एजेंट किसी भी युवा को झूठी नौकरी का लालच देकर उनका आर्थिक शोषण न कर सके,हालाँकि हमने एजेंट के खिलाफ सिलवासा पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।



रविवार-२४/०२/२०१९ दिंडोशी विधान सभा वार्ड-४३ के कार्यसम्राट नगर सेवक मा.श्री.विनोद मिश्रा जीं के व्दारा वार्ड-अध्यक्ष श्री.रमेश शर्मा जी के उपस्थिति में महामंत्री- मारुती भोये,महिला वार्ड अध्यक्षा- तारा जैस्वार सभी बुथ प्रमुख एंव सभी कार्यकर्ता के साथ शक्ति केंद्र प्रमुख और बुथ प्रमुख गुलफाम भाई,किसरुन खान,विरेंद्र मिश्रा,श्रीराम खुसवा के घर-घर में जाकर 'मेरा परिवार-भाजपा परिवार' का स्टिकर के साथ झेंडा लगाकर स्वागत करके सन्मानित किया.





नगरसेवक श्री राजपति यादव जी के अथक प्रयासों से मदीना बेकरी नाला आरपीआई ऑफिस के बगल में जो ब्रिज है उसे तोड़कर बनाने का भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया इससे बारिश के मौसम में त्रिवेणी संगम सोसाइटी बालाजी रोड व सागर सोसाइटी में जो पानी भरता था उससे निजात मिलेगा. Dr.Ajanta Yadav, Duyam Abhiyanta Smt Sushama Sarang, va Karyakarta Mithilesh Jha, C.B. Songh, Ramsevak, Chotelal, Prakesh Joshi etc.

# संपादकीय

## बड़े सबक के बाद

रात जब पूरा देश गहरी नींद सो रहा था, तो ग्वालियर से उड़े १२ मिराज-२००० लड़ाकू विमानों ने हमें एक नई सुबह देने की भूमिका लिख दी। इतना ही नहीं, पाक अधिकृत कश्मीर के पार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बालाकोट में गिराए गए एक हजार किलो के बमों ने उस पाकिस्तान की चेतना को बुरी तरह झकझोर दिया, जिसे अपने अस्तित्व को बरकरार रखने का एकमात्र फार्मूला आतंकवाद में ही नजर आता है। भारतीय बमवर्षकों का निशाना बालाकोट के वे



आतंकी शिविर थे, जिन्हें मसूद अजहर का संगठन जैश-ए-मोहम्मद संचालित करता है। कुल कितने बम गिराए गए, यह संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन एक हजार किलो के बम का अर्थ यह तो है ही कि इनकी मार का क्षेत्र बहुत बड़ा होगा। कुछ अपुष्ट खबरों में बताया गया है कि हमले में दो से तीन सौ आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि पाकिस्तान यह मानने को तैयार नहीं है कि हमले का कोई बड़ा असर हुआ है। अपने दावे को सही ठहराने के लिए पाकिस्तानी फौज के प्रवक्ता ने टूटे पेड़ों और उखड़ी मिट्टी के कुछ फोटो जारी किए हैं, जो उतने ही अविश्वसनीय हैं, जितने कि आतंकवाद के बारे में पाकिस्तान के बाकी दावे। खैबर पख्तूनख्वा में इस हमले का क्या असर रहा, इसके बारे में कुछ विदेशी एजेंसियों की रिपोर्ट भी आनी शुरू हो गई हैं।

# हाइजैक कॉल के बाद एयरपोर्ट्स पर बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था, हर यात्री पर नजर

**मुंबई :** नवी मुंबई के ऐरोली स्थित बीपीओ में एक अज्ञात शख्स ने फोन कर दावा किया कि एयर इंडिया की एक फ्लाइट हाइजैक कर ली जाएगी। यह कॉल ऐसे समय में आई जब हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में सीआरपीएफ के ४० जवान शहीद हो गए थे। हाइजैक की खबर मिलते ही शासन-प्रशासन के होश फाख्ता हो गए। रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के सीनियर इन्स्पेक्टर नितिन गीते ने बताया, 'एसजी सर्विसेज में शुक्रवार को तकरीबन ९ बजकर ४५ मिनट पर कॉल रिसीव की गई थी। एयर इंडिया ने अपना काम इस बीपीओ को दे रखा है। फोन करने वाला अंग्रेजी भाषा में बातचीत कर रहा था और उसने इस बात का



दावा किया कि एयर इंडिया का एक विमान पाकिस्तान द्वारा अपहरण किया जाने वाला है।' रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के सीनियर इन्स्पेक्टर नितिन गीते ने बताया, 'एसजी सर्विसेज में शुक्रवार को तकरीबन ९ बजकर ४५ मिनट पर कॉल रिसीव की गई थी। एयर इंडिया ने अपना काम इस बीपीओ को दे रखा है। फोन करने वाला अंग्रेजी भाषा में बातचीत कर रहा था और उसने इस बात का दावा किया कि एयर इंडिया का एक विमान पाकिस्तान द्वारा अपहरण किया जाने वाला है।'

**धमकी के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा**

इस धमकी भरी कॉल के बाद ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन ने एयरपोर्ट्स समेत सभी जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। इतना ही नहीं, वीइकल एंट्री गेट्स से लेकर अन्य स्थानों की भी निगरानी की जाने लगी है। उधर, सीआईएसएफ ने संदिग्ध दिखने वाले हर यात्री का खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। साथ ही संदिग्ध एयरपोर्ट्स पर डॉग स्क्वॉड के साथ, एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर्स को भी दुरुस्त कर दिया गया है।

**कंधार हाइजैक पर भी सुरक्षा एजेंसियों की नजर**

पुलवामा हमले के बाद सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट्स पर अपना पहरा और कड़ा कर दिया है। बता दें कि इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। मामले में कॉल करने वाले शख्स की अभी तक पहचान नहीं की जा सकी है लेकिन इंटेलिजेंस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे खतरनाक मकसद में जैश-ए-मोहम्मद या पाकिस्तान के आतंकी संगठनों की संलिप्तता को इनकार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि १९९९ में कंधार में आईसी-८१४ हाइजैक हो गया था, जिसके यात्रियों को बचाने के एवज में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को रिहा किया गया था।

**पड़ोसी देशों से सुरक्षा बढ़ाने की अपील**

सीनियर काउंटर टेरर अधिकारियों ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद की जा रही है। यही नहीं, पड़ोसी देशों नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश को भी उनके एयरपोर्ट्स में सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा गया है।

# पहले क्लास में काटा टीचर का गला, फिर काजू के बाग में लगा ली फांसी



**तमिलनाडु :** तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले में एकतरफा प्यार में पागल एक युवक ने एक स्कूल टीचर की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने खुद भी काजू के एक बाग में जाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश वहां एक पेड़ से लटकी मिली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

हत्या और आत्महत्या की यह वारदात विल्लुपुरम जिले के थोप्पायंकुलम इलाके की है। जहां शुक्रवार को ए. राजशेखर नामक युवक ने एस.राम्या नामक एक स्कूल टीचर को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया था। हत्या करने के दो दिन बाद आरोपी राजशेखर की लाश रविवार को एक काजू के बाग में पेड़ से लटकी मिली। पुलिस के अनुसार, थोप्पायंकुलम में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि काजू बाग के पास खड़ी एक संदिग्ध मोटर बाइक खड़ी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आस-पास छानबीन की तो वहां राजशेखर की लाश एक पेड़ से लटकी पाई गई।

दरअसल, पुलिस दो दिन से राजशेखर को तलाश रही थी। अब पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुडलोर जिले से स्नातक करने वाला २५ वर्षीय राजशेखर एनएलसी इंडिया लिमिटेड कंपनी में एक ठेका मजदूर के रूप में कार्य करता था। वह पिछले एक साल से स्कूल टीचर राम्या का पीछा कर रहा था।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को राजशेखर ने राम्या का पीछा करते हुए उसके स्कूल जा पहुंचा। और एक क्लास में दाखिल हो गया, जहां राम्या अकेली थी। इससे पहले वो कुछ समझ पाती। राजशेखर ने चाकू से उस पर हमला बोल दिया। उसने राम्या पर एक बाद एक कई वार किए। और फिर आरोपी ने राम्या का गला काट दिया।

जिसकी वजह से फौरन राम्या ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी राजशेखर वहां से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसको तलाश करने के लिए स्कूल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिससे उसका सुराग मिला।

राम्या को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी राजशेखर ने अपनी बहन को एक एसएमएस संदेश भेजा था कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला कि आरोपी राजशेखर मृतका को जानता था। वे दोनों एक ही बस से आते-जाते थे।

आरोपी राजशेखर उसके एक तरफा प्यार में पागल था। वो राम्या से शादी करना चाहता था। लेकिन राम्या के माता-पिता ने राजशेखर के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। इसी के चलते उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया।

# 6500 करोड़ रुपये के घोटाले में EOW ने 100 दलालों को समन भेजा

**मुंबई:** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मुंबई के करीब १०० शेयर, कमोडिटी और वित्तीय दलालों को ६५०० करोड़ रुपये के एनएसईएल घोटाले में १०० से ज्यादा समन भेजे हैं। इनमें से करीब १५ ब्रोकरों से मुंबई पुलिस के क्रेफर्ड मार्केट स्थित मुख्यालय में पूछताछ भी हो चुकी है।

गौरतलब है कि इन दलालों में कुछ नामी-गिरामी दलाल भी शामिल हैं। इन दलालों के नाम प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में सामने आए हैं। इन दलालों पर आरोप है कि इन्होंने



एनएसईएल में वायदा अनुबंध अधिनियम की व्यवस्थाओं का उल्लंघन करके एनएसईएल में गैरकानूनी वायदा कारोबार किया और बहुत पैसा कमाया। इस पूछताछ के तहत एक ब्रोकर को शनिवार की सुबह १० बजे बुलाया और शाम ६ बजे तक पूछताछ होती रही। यह पूछताछ दलाली फर्मों के निदेशकों और उच्च अधिकारियों से हो रही है, जिसमें खातों का मिलान और फॉरेंसिक ऑडिट भी शामिल है। गौरतलब है कि जुलाई, २०१३ में एनएसईएल घोटाला सामने आया था, जिसमें १३००० निवेशकों को ५६०० करोड़ रुपये का नुकसान होना बताया गया। बाद में जांच में पता चला कि यह धन डिफॉल्टिंग ब्रोकरों ने कमाया, जो कि कमोडिटी उत्पादक और सप्लायर हैं।

# कल्याण-डोंबिवली में फायर ब्रिगेड सेवा शुल्क बढ़ा



**कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली मनपा की स्थायी समिति की सभा में फायर ब्रिगेड ने सेवा शुल्क व टैक्स में बढ़ोतरी करके महापालिका की कमाई बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया। स्थायी समिति सभापति दीपेश म्हात्रे ने यह कहते प्रस्ताव मंजूर किया कि महापालिका हद में आग लगी हो, तो किसी भी प्रकार का सेवा शुल्क नहीं लिया जाएगा। २००६ से फायर ब्रिगेड सेवा मुहैया करा रही है। तब से फायर ब्रिगेड ने सेवा शुल्क में बढ़ोतरी नहीं की है, इसलिए प्रस्ताव को मंजूर कर लिया गया।

कल्याण डोंबिवली मनपा के फायर ब्रिगेड की तरफ से सेवा शुल्क व टैक्स में २००६ साल से बढ़ोतरी नही हुई हैं। पालिका क्षेत्र में बढ़े इमारत की संख्या, लोकसंख्या, सेवा व महापालिका के कमाई में बढ़ोतरी होने के हेतु से आज स्थायी समिती में फायर ब्रिगेड द्वारा दिलीप गुंड ने सेवा शुल्क व टैक्स में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव में निवासी इमारत के लिए फायर ब्रिगेड शुल्क पहले सात महले की इमारत को २० हजार रुपया अब ४० हजार रुपये, १५ महले की इमारत को १ लाख से बढ़ाकर १ लाख २५ हजार रुपये, २३ महले इमारत के लिए ५ लाख २५ हजार रुपये, ३० महले इमारत के लिए सात लाख ५० हजार रुपये वसूले जाएंगे। वहीं अनिवासी इमारत के लिए १५ मीटर के लिए वसूला जाने वाले शुल्क में २५ हजार रुपए से बढ़ाकर ७५ हजार, २४ मीटर के लिए १ लाख रुपये, ४५ मीटर के लिए १ लाख २५ हजार रुपये और ७० मीटर के लिए १ लाख ५० हजार रुपये वसूले जाएंगे। औद्योगिक इमारत, पेट्रोल पंप, एलपीजी, सीएनजी के लिए पहले ५० हजार रुपये शुल्क वसूला जाता था अब २ लाख रुपये वसूला जाएगा।

# हेपेटाइटिस पीड़ित महिलाओं से बदसलूकी बंद हो: बच्चन






**मुंबई:** महानायक अमिताभ बच्चन इस बात से बेहद नाराज हैं कि हेपेटाइटिस से पीड़ित महिलाओं के साथ बहुत बुरा सलूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मैं खुद महिलाओं के इस अपमान के खिलाफ आवाज बुलंद करूंगा। वायरल हेपेटाइटिस के उन्मूलन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे के साथ जुहू में आयोजित समारोह में जन जागरण अभियान की शुरुआत करते हुए बच्चन ने कहा, 'मुझे ऐसी कई घटनाओं की जानकारी मिली है कि ससुराल वालों को जैसे ही बहू के हेपेटाइटिस-बी से पीड़ित होने का पता चला, उन्होंने बड़ी बेरहमी से उसे घर से निकाल दिया। किसी भी सभ्य समाज के लिए यह शर्म की बात है।' उन्होंने कहा, 'कुली की शूटिंग के दौरान घायल होने के बाद मैं अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा था तो करीब २०० लोगों ने मेरे लिए रक्तदान किया था। पता नहीं, किसका खून इनफेक्टेड था कि मैं हेपेटाइटिस-बी की चपेट में आ गया और इसका पता मुझे १८ साल बाद चेकअप के दौरान चला। तब तक मेरा ७५ पर्सेंट लीवर खराब हो चुका था। मेरा २५ पर्सेंट लीवर ही काम कर रहा है, लेकिन हेपेटाइटिस-बी के बावजूद मैं स्वस्थ और सामान्य जीवन जी रहा हूं। लोगों को अब अपना नजरिया बदलना होगा।'

अश्विनी कुमार चौबे ने विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा दक्षिण पूर्व एशिया के गुडविल एंबेसडर अमिताभ बच्चन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि, 'हमें इलनेस सेंटर को वेलनेस सेंटर में बदलना है। मार्च तक १० हजार और २०२२ तक डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य है।'

# पत्रकार की दिलेरी, गिरफ्तार हुए नशेड़ी

**मुंबई :** वेस्टर्न सबर्ब में ब्लेडमैन के नाम से कुख्यात २१ वर्षीय शातिर पॉकिटमार रवि रेड्डी को नवभारत टाइम्स के एक पत्रकार की सूझबूझ से बोरीवली रेलवे पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। बोरीवली जीआरपी के अनुसार, रविवार दोपहर ढाई बजे की घटना है, जब पीड़ित पत्रकार २.३२ की लोकल से कांदीवली से बोरीवली आ रहा था। बोरीवली के प्लैटफॉर्म क्रमांक-२ पर लोकल से उतरने के दौरान दो लोग अचानक आपस में झगड़ा करने लगे। झगड़ा करना इनका मॉडस ओपरेंडी है। जैसे ही पत्रकार का ध्यान इनकी ओर गया, उनमें से एक मौके का फायदा उठाकर पत्रकार की जेब से पर्स निकालने की कोशिश की। इससे पहले की वे दोनों अपने मंसूबे में कामयाब होते, पत्रकार ने समझदारी दिखाई और एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दूसरा बदमाश मौका देख भाग निकला।


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email :

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

MEMBERSHIP
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड (पूर्व), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक - दीनानाथ एम. तिवारी, कार्यकारी संपादक- कर्ण हिन्दुस्तानी, उपसंपादक- शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल संरक्षक- वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - चीफ एड डिपार्टमेन्ट- निलेश पांडे वितरक-सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)
उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
कानून सलाहकार- डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, संपर्क : टेलीफेक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें



भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक ४२ की अध्यक्षा भारतीय भिंडे ने मेट्रो दिनांक कैलेंडर को अपने वार्ड के महिला कार्यकर्ताओं के बीच अवलोकन करती हुई दिखाई पड़ रही.



२३/०२/२०१९ को भारतीय मजदूर संघ पालघर जिला की कार्यकारिणी संपन्न हुई. जिसमें सर्वसम्मति से माननीय महेश शुक्ल को पालघर जिला का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई

# बाल कृष्ण जोशी बने गुजराती सेल के मुंबई उपाध्यक्ष



लवकुश मिश्रा

**मुंबई :** भाजपा गुजराती सेल के मुंबई अध्यक्ष श्री भार्गव एन पटेल ने संगठन का विस्तार करते हुये श्री बालकृष्ण जोशी को मुंबई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भी जोशी विगत कई वर्षो से पार्टी कार्यकर्ता के रुप में लोगो को अपना योगदान दे रहे है। धारावी के कुभार बाड़ा में उनका निवास है। जहां पर काफी संख्या में गुजराती रहते है। श्री जोशी की नियुक्ती पर भारी संख्या में उनके शुभचिंतको ने उन्हे बधाई संदेश दिया है।



रविवार-२४/०२/२०१९ दिंडोशी विधान सभा वार्ड-४३ के कार्यसम्राट नगर सेवक मा.श्री.विनोद मिश्रा जीं के प्रयत्नों से वार्ड-अध्यक्ष श्री.रमेश शर्मा जी के उपस्थिति में मारुती भोये,तारा जैस्वार,गुलफाम भाई,किसुरुन खान,श्रीराम खुसवा,विरेंद्र मिश्रा और कार्यकर्ता के साथ संजय नगर में घर-घर में कचरे का डिब्बा वितरण करवाते हुवे.

# २४ पाकिस्तानी विमानों ने की थी एलओसी पार करने की कोशिश


## भारतीय वायुसेना के ८ विमानों ने रोका

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी तनातनी के बीच अब कई नए खुलासे सामने आए हैं. दोनों देशों की वायुसेनाओं के बीच हुए इस एयर कॉम्बैट की कुछ एक्सक्लूसिव जानकारी मिली है जिसके अनुसार एलओसी के पास २४ पाकिस्तानी विमानों को भारतीय लड़ाकू विमानों ने खदेड़ा. इन ८ विमानों में वह मिग २१ बायसन विमान भी शामिल था जिसे विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान उड़ा रहे थे.

बुधवार को पाकिस्तान की नापाक घुसपैठ की कोशिश में पाक वायुसेना के विमान भारतीय सीमा में करीब १० किलोमीटर तक भीतर घुस आए थे. आला सरकारी सूत्र के मुताबिक, भारत सरकार ने दावा किया है कि पाकिस्तान के लड़ाकू विमान करीब १० किलोमीटर तक भारतीय सीमा में घुस आए थे. सरकारी सूत्रों ने बताया कि १० किलोमीटर तक पाकिस्तान के २४ लड़ाकू विमान हमारी सीमा में आए थे, जिसकी वजह से भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी. भारतीय वायुसेना के ८ विमानों ने उन्हें खदेड़ दिया.

सरकारी सूत्र की मानें तो भारत ने कहा कि है कि अगर पाकिस्तान डील चाहता है, तो कुछ नहीं होगा. हमे वापसी चाहिए, डील नहीं. भारत ने पाकिस्तान की हिरासत में मौजूद भारतीय पायलट से मुलाकात के लिए कॉन्स्यूलर एक्सेस नहीं मांगी, तुरंत रिहा करने के लिए कहा है. साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भरोसेमंद माहौल दें, तब वार्ता पर विचार किया जा सकता है. सरकार के सूत्रों ने बताया है कि भारत ने पाकिस्तान को सबूत दिए गए ताकि वह इस पर कार्रवाई करे लेकिन पाकिस्तान ने इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. पहले इमरान खान कार्रावाई करें. भारत ने पाकिस्तान को बताया कि जैश ए मोहम्मद ने स्वीकार किया था कि पुलवामा आतंकी हमले के पीछे उसी का हाथ है लेकिन पाकिस्तान सरकार सिर्फ हाथ पर हाथ रखकर बैठकर इंतजार करती




रही, जिसकी वजह से भारत द्वारा २६ फवरी की कार्रवाई को अंजाम दिया गया.


भारत ने बिल्कुल साफ कर दिया है पायलट की रिहाई को लेकर किसी तरह का कंफ्यूजन नहीं होना चाहिए. जेनेवा संधि के अंतर्गत उन्हें छोड़ना होगा. पायलट के बारे में कोई सौदेबाजी नहीं होगी. इसके अलावा सरकारी सूत्रों ने साफ किया कि पाकिस्तान की तरफ झूठ परोसा गया. दूतावास पर भी गलत जानकारी दी गई.

दरअसल, २७ फरवरी को भारत और पाकिस्तान दोनों तरफ जवाबी कार्रवाई को लेकर खबरें जोरों पर रहीं. पाकिस्तान ने एलओसी इलाके में अपने लड़ाकू विमान से घुसपैठ की कोशिश की जिसे भारतीय वायु सेना ने नाकाम कर दिया. पाकिस्तानी विमान का मलबा पाक अधिकृत कश्मीर में मिला. इस दौरान भारतीय वायुसेना के एक मिग विमान का नुकसान हो गया. भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा एक पायलट लापता है. बाद में उसके पाकिस्तान में बंधक बनाए जाने की सूचना मिली. भरत ने पाकिस्तान के अधिकारियों को तलब किया और पाकिस्तान में कैद पायलट को सुरक्षित वापस करने को कहा. इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत के साथ फिर से बातचीत का राग अलापा. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि जंग हुई तो यह किसी के काबू में नहीं रहेगी. इमरान खान ने कहा कि हम भारत को बातचीत के लिए आमंत्रित करते हैं.

२७ फरवरी की शाम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना प्रमुखों के साथ तकरीबन एक घंटे बात की. साथ में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अजित डोभाल भी उपस्थिति थें. उच्चस्तरीय बैठक के बाद दिल्ली मेट्रो के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया और प्रत्येक दो घंटे पर स्टेशन कंट्रोलर को सूचना देने का भी निर्देश दिया गया.

इससे पहले १४ फरवरी को पुलवामा में हुए एक आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के ४० जवान शहीद हो गए थें. हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थति आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी. भारत ने इसके अगले दिन ही सेना को खुली छूट देने की बात कही थी और पाकिस्तान से 'मोस्ट फेवरेट नेशन' दर्जा वापस ले लिया था. इसके बाद घाटी में हुए सर्च ऑपरेशन में जैश के कई आतंकवादी मारे गए थें. २६ फरवरी की रात में वायु सेना ने अपने असैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के बालाकोट स्थति आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कैंप को ध्वस्त कर दिया था. भारत के इस कार्रवाई का पूरी दुनिया ने समर्थन किया.

# अभिनंदन सलाम! गिरफ्तार होने से पहले ने नष्ट किए अहम् सबूत



**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

हिंदुस्थानी वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन के शौर्य और जज्बे की तारीफ पूरे देश में हो रही है, लोग उन्हें पाकिस्तान से सकुशल लौटने की कामना करते नहीं थक रहे हैं। पाकिस्तान मीडिया में छपी खबर के अनुसार इस बहादुर योद्धा ने गिरफ्तार होने से पहले अपने पास रखे अहम सबूत को नष्ट कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वीर अभिनंदन ने कुछ सबूत चबा गए तो कुछ तालाब में कूदकर पानी में नष्ट कर दिया।

पैराशूट से उतरकर जैसे ही वे पाकिस्तान की धरती पर उतरे उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा- ये इलाका हिंदुस्थान का है या पाकिस्तान? जब उन्हें भनक लगी की वे गलती से पाकिस्तान में उतर गये हैं तो उन्होंने वहां मौजूद भीड़ को हटाने के लिए हवा में फायरिंग की। लगभग आधा किमी तक वे भागे और तालाब में कूद गये। तालाब में कूदने का उनका उद्देश्य एक ही था वे अपने पास मौजूद दस्तावेज को नष्ट करना चाहते थे। बताया जा रहा है कि जो अहम दस्तावेज उनके पास थे, उनमें से कुछ उन्होंने चबा लिये और बहुत सारे कागज पानी में गला दिये। पाकिस्तानी अखबार द डॉन ने खबर दी है कि एलओसी से सात किमी दूर स्थित भिंबर जिले के होरान गांव में रहने वाले मोहम्मद रज्जाक चौधरी ने अभिनंदन को सबसे पहले देखा। उसका कहना है कि बुधवार सुबह ८.४५ बजे आसमान में धमाके के साथ धुआं नजर आया। रज्जाक का कहना है कि दो विमानों में आग लगी थी। एक विमान एलओसी के पार भारतीय सीमा में गिरा जबकि दूसरा पीओके में गिरा।

# भारत का सख्त रुख, कहा- विंग कमांडर को लेकर पाकिस्तान के साथ कोई डील नहीं होगी

**नई दिल्ली,** भारत ने विंग कमांडर अभिनंदन को लेकर पाकिस्तान को दो टूक कहा है कि वह कोई डील करने के मूड में नहीं, पाकिस्तान को चाहिए कि वह तुरंत विंग कमांडर को भारत को सौंप दे। सूत्रों के हवाले से आ रही जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान कंधार वाले मामले की तरह दबाव बनाना चाहता है लेकिन भारत इस बार उसे ये मौका नहीं देगा। भारत ने साफ कहा है कि विंग कमांडर को लेकर कोई डील या बातचीत नहीं होगी। भारत चाहता है कि उसका कमांडर तुरंत से वापस आ जाए। सूत्रों से ये भी जानकारी मिली है कि पाकिस्तान को अगर ये लगता है कि विंग कमांडर के रूप में उनके पास कोई डील का कार्ड है तो वे गलत समझ रहे हैं। भारत ने ये भी आशा जताई है कि विंग कमांडर के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा है कि भारत ने उनसे विंग कमांडर को छोड़ने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शाह फैजल ने कहा, 'भारत ने पायलट का मुद्दा पाक के समक्ष उठाया है। हम आने वाले दिनों में तय करेंगे कि कमाडंर पर क्या नियम लागू हों। उसे युद्धबंदी का दर्जा दिया जाए या नहीं।' साथ ही पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ये भी कहा कि भारत को लगता है कि उनके पायलट से बुरा व्यवहार किया जा रहा है तो ये सही नहीं है। भारतीय कमांडर पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। प्रवक्ता ने ये भी कहा कि भारत को लगता है कि पाक ने कोई सैन्य कार्रवाई की। जबकि पाकिस्तान का निशाना भारत के सैन्य ठिकाने नहीं थे।

# ४० रुपये के लिए नाबालिग ने की जुड़वा भाई की हत्या

**औरंगाबाद :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां पर १४ साल के एक नाबालिग युवक ने अपने ही जुड़वा भाई को महज रु. ४० के लिए मौत के घाट उतार दिया। दोनों के बीच हुआ झगड़ा हिंसक हुआ जिसमे छोटे भाई ने बड़े भाई को जान से मार दिया। दोनों ही नाबालिग युवक जुड़वा बताए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी एनआईए की खबर के मुताबिक यह घटना महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले की है। पुलिस ने नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की जांच की जा रही है, खबर के मुताबिक दोपहर में खाना खाते वक्त दोनों भाइयों के बीच ४० को लेकर कहासुनी हुई। दोपहर में खाना खाते वक्त दोनों भाइयों के बीच ४० को लेकर कहासुनी हुई। जिसके बाद छोटे भाई ने बड़े भाई पर हथौड़ी से हमला कर दिया, हथौड़ी से हमला सिर पर किया गया था जिस हमले के बाद बड़े भाई की मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है १४ साल के नाबालिग ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने बड़े भाई के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस आगे की जांच कर रही है। आपको बता दें कि ये कोई पहला मामला नहीं है महाराष्ट्र के दूरदराज इलाके में इस तरह की घटनाएं सामने आते रही हैं, वहीं महाराष्ट्र में नाबालिगों द्वारा बढ़ता अपराध महाराष्ट्र वपिलुस की लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# प्रेमी के साथ मिलकर महिला ने की पति की हत्या

**हरियाणा:** एक महिला ने अपने अवैध संबंध के कारण पति को मौत के घाट उतार दिया. महिला के पति को उसके अवैध संबंध के बारे में पता चल गया था जिसकी वजह से मृतक ने कई बार महिला की पिटाई भी की थी. मृतक की मौत से एक दिन पहले पति पत्नी के बीच लड़ाई हुई थी. जिसके बाद महिला ने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर अपने पति को गोलियों से भुन डाला. २१ फरवरी की रात किसान नरेश बरामदे में सो रहे थे. उसी वक्त पांच गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी गई. हत्या से पहले महिला ने पति के मुंह पर रजाई डाली, उसके बाद दोनों आरोपियों ने नरेश को गोली मार दी. आरोपी महिला बरामदे के बगल वाले कमरे में ही सो रही थी. पुलिस ने जब उससे गोलियों की आवाज के बारे में पूछा तो उसने कोई भी आवाज नहीं सुनने का दावा किया. जिसके बाद पुलिस को महिला पर शक हो गया. पति की मौत के बाद महिला लगातार अपने प्रेमी हन्नी से पर बातचीत कर रही थी और उसे पुलिस की गतिविधियों की सारी जानकारी दे रही थी. महिला का पिछले दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था. उसके नाजायज संबंध के बारे में महिला के पति को पता चल गया था. मृतक की मौत से एक दिन पहले महिला और उसके पति के बीच लड़ाई हुई थी जिसके बाद महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मारने की साजिश रची. महिला का बयान लेने के बाद पुलिस को उस पर शक हो गया था,

# खाकी वर्दी वालों की गुंडागर्दी, लड़की पर अभद्र टिप्पणी करने के बाद नशे में धुत पुलिस वाले ने उसके सामने किया ये गंदा काम...

**भिवंडी:** खाकी वर्दी पहनकर पुलिस वाले जुर्म का खात्मा करने और जनता की रक्षा करने का प्रण लेते हैं, लेकिन अगर खाकी वर्दी पहनकर पुलिस वाले ही गुंडागर्दी पर उतर आएं तो फिर जनता की रक्षा कौन करेगा? एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला महाराष्ट्र के भिवंडी से सामने आया है. दरअसल, भिवंडी के मानकोली नाका पर रविवार की शाम एक लड़की सड़क पर अपने पिता का इंतजार कर ही थी, तभी दो कॉन्सेटबल और एक मुखबिर नशे की हालत में वहां से गुजर रहे थे. अपनी वर्दी की गरिमा को भूलते हुए नशे में टल्ली ये कॉन्सटेबल लड़की पर अभद्र टिप्पणी करने लगे. जब लड़की ने इसका विरोध जताया तो उनमें से एक कॉन्टेबल बेशर्मी की सारी हदें पार करते हुए उसके सामने पेशाब करने लगा.

दोनों आरोपी पुलिसवालों में एक का नाम हेड कॉन्सटेबल शैलेश पाटिल और दूसरे का नाम जाधव बताया जा रहा है, जबकि मुखबिर का नाम दिनेश पाटिल है. फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है. ये दोनों कॉन्स्टेबल भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं. बताया जा रहा है कि बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा राज्य प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के बाद नवी मुंबई के घनसोली से घर वापस लौट रही थी और मानकोली नाका पर अपने पिता शांताराम म्हात्रे का इंतजार कर रही थी. अपने पिता का इंतजार कर रही इस लड़की ने जब हेड कॉन्स्टेबल शैलेश पाटिल द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर आपत्ति जताई तो उसने लड़की को एक पुलिस वाले को कानून न सिखाने की नसीहत दे डाली. इसके बाद लड़की ने विनम्रता से कहा कि अगर आप पुलिस वाले हैं तो आपको कानून का पालन करने वाला होना चाहिए. लड़की की इस बात से गुस्से में आकर पुलिस वाला उसके साथ बदसलुकी पर उतर आया और इसमें उसके दोनों साथी भी शामिल हो गए.

इस बीच जब लड़की के पिता वहां पहुंचे और उन्होंने पुलिस वालों को रोकने की कोशिश की तो तीनों उसके साथ मारपीट पर उतर आए. लड़की के पिता को तीनों ने बुरी तरह से पिटा,

# विवाहित महिला को १३ दिनों तक बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, ५ लोगों पर मामला दर्ज

**पालघर,** महाराष्ट्र के पालघर जिले में नवविवाहित महिला का अपहरण कर उससे करीब दो हफ्ते तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला ने गत २३ फरवरी को पुलिस से मामले की शिकायत की थी। पुलिस की जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि २१ वर्षीय पीड़िता की मुश्किलें तब शुरू हुई जब छह फरवरी को नालासोपारा में प्रगति नगर स्थित उसके घर एक शख?स पुलिसवाला बनकर आया और उसे अपने साथ पुलिस थाने चलने को कहा। उन्होंने कहा, 'फर्जी पुलिसवाले ने पीड़िता को बताया कि उसके पति को गिरफ्तार किया गया है और उसे कुछ दस्तावेज लेकर पुलिस थाने चलना होगा।' महिला को पहले एक आरोपी के ऑटोरिक्शा से मुंबई में मलाड ले जाया गया और आठ दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। इसके बाद फिर मीराबाग ले जाया गया जहां एक निर्माणाधीन इमारत में १८ फरवरी तक बंधक बनाकर रखा गया। अधिकारी ने बताया कि दोनों जगहों पर दो आरोपियों ने महिला से दुष्कर्म किया। एक महिला समेत तीन अन्य लोगों ने अपराध के लिये उन्हें उकसाया। पीड़िता को १८ फरवरी को छोड़ा गया।

# अजहर मसूद पर प्रतिबंध लगाने हेतु यूएन की सुरक्षा परिषद में लाया गया प्रस्ताव

पुलवामा आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेनेवाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर पर प्रतिबंध लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लाया गया है। बुधवार को अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने यह प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, चीन ने प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस प्रस्ताव में पुलवामा आतंकी हमले का भी जिक्र है। फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने प्रस्ताव में मसूद की वैश्विक यात्राओं पर प्रतिबंध लगाने और उसकी सभी संपत्ति फ्रीज करने की मांग भी रखी है। १४ फरवरी को कश्मीर के पुलवामा में हुए फिदायीन हमले में भारतीय सुरक्षाबलों के ४० जवान शहीद हो गए थे। जैश ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com